## सिरोही कॉलेज में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' क्लब की ओर से हुए विभिन्न कार्यक्रम

# कॉलेज छात्रों ने देखी असम की लोकप्रिय बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्म

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। सिरोही के राजकीय महाविद्यालय में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत बुधवार को वरिष्ठ आचार्य डॉ. अनुपमा साहु की अध्यक्षता में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' क्लब की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह के सत्र में मुख्य परिसर के ई-क्लास रूम में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड प्राप्त विलेज रॉकस्टॉर निर्देशक रीमा दास की असमिया फिल्म दिखाई गई, जो कि असम की लोकप्रिय बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्म है। इसमें एक ग्रामीण व गरीबी की पृष्ठभूमि वाली एक लड़की ने मेले में रॉकस्टार की प्रस्तुति देखकर स्वयं भी एक बड़ा रॉकस्टार बनने के सपने देखती है और इसके लिए वह अपनी विकट परिस्थितियों के बावजूद सपने को साकार करने में दिनरात मेहनत करने लगती है। एक दिन बड़ी रॉकस्टार बनकर आज के युवाओं को प्रेरित करती है कि वे बड़े सपने देखें और उन्हें साकार करने के लिए दिन -रात लगन से मेहनत करें।

### असम की भौगोलिक स्थिति, कला से कराया रूबरू


महाविद्यालय में असमिया संस्कृति, कला, सांस्कृतिक प्रोग्राम व निबन्ध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ आचार्य डॉ. अनुपमा साहु ने विद्यार्थियों को असम की भौगोलिक स्थिति, कला, संस्कृति के बारे में रूबरू करवाया। वहां के प्रसिद्ध हैरिटेज के बारे में जानकारी दी। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या दुबे ने असम के लोगों के शिष्टाचार व अनुशासन की सराहना की तथा अपनी असम यात्रा के संस्मरणों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। जिसमें उन्होंने वहां के प्रकृतिक सौन्दर्य, विचित्र वेशभूषा व पकवान से सम्बंधित विभिन्न अनुभव साझा किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने असम के लोक-गीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी । छात्र-छात्राओं ने असमीय लोक-गीत की विभिन्न प्रस्तुतियां दी।

### असम की संस्कृति पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

असम के पारम्परिक व स्थानीय व्यंजनों व असम की संस्कृति से सम्बन्धित पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिताओं में डॉ. अनुपमा साहु, डॉ. संध्या दुबे, डॉ. भगवानाराम विश्नोई, डॉ. शची सिंह, डॉ. कैलाश गहलोत ने निर्णायक की भूमिका निभाई । एनएसएस प्रभारी डॉ. रीना श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र एवं छात्राओं को बधाइयां दी। क्लब सदस्य ओमदत्त पेवा, सुनील कुमार, खेमराज चौधरी, संगीता शर्मा आदि उपस्थित थे।



किया गया। की जानकारी दी।



# असम के लोकगीतों पर नृत्य की प्रस्तुति

सिरोही. राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को वरिष्ठ आचार्य डॉ. अनुपमा साहा की अध्यक्षता में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की ओर से विभिन्न कार्यक्रम हुए। प्रथम सत्र में ई-क्लास रूम में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त विलेज रॉक स्टॉर फिल्म दिखाई। असम की संस्कृति, कला, सांस्कृतिक प्रोग्राम व निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई।

डॉ. साहा ने विद्यार्थियों को असम की भौगोलिक स्थिति, कला, संस्कृति के बारे में रूबरू करवाया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या दुबे ने असम के लोगों के शिष्टाचार, अनुशासन की जानकारी देते हुए यात्रा संस्मरण साझा किए। महाविद्यालय की छात्राओं ने असम के लोकगीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। असम के पारम्परिक व्यंजनों व संस्कृति सम्बंधित पोस्टर प्रतियोगिता हुई। निर्णायक डॉ. अनुपमा साहा, डॉ. संध्या दुबे, डॉ. भगवानाराम विश्नोई, डॉ. शचि सिंह, डॉ. कैलाश गहलोत थे।

महाविद्यालय के सेमिनार भवन में बुधवार को जिला परिवहन विभाग एवं एनएसएस की ओर से 31वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम हुआ। जिला परिव विभाग के निरीक्षक पुष्पेन्द्र एलएनटी मैनेजर मूलचंद खीं परिवहन विभाग के उमेश ने सुरक्षा से सम्बन्धित जानका एनएसएस समन्वयक डॉ. श्रीवास्तव, संकाय सदस् संध्या दुबे, डॉ. शचि सिं भगवानाराम विश्नोई, डॉ. परिहार व कार्यक्रम अ ओमदत्त परेवा, सुनील खेमराज चौधरी व संगी मौजूद थे।

## ातियोगिताओं का


OVT. COLLEGE
SIROHI
राजकीय महाविद्यालय, सिरोही
सिरोही


ASSAM


GOVT. COLLEGE
SIROHI
राजकीय महाविद्यालय, सि
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्
सिरोही
राष्ट्रीय सेवा
Samsung Triple Camera
Shot with my Galaxy A50



चुनाव जनता को राजनीतिक शिक्षा देने का विश्वविद्यालय है।
राजकीय महाविद्यालय, सिरोही
राष्ट्रीय सेवा योजना
SMART CLASS


Culture of Assam
ASSAM
Natural View
Map State of Assam
"एक भारत श्रेष्ठ भारत"
असम :- THE LAND OF TEA
MAP OF ASSAM
• राजधानी :- दिसपुर
• जिले :- 33
• चाय का सर्वाधिक उत्पादन
• प्रसिद्ध लोकनृत्य व त्योहार :- "बिहू" (BIHU)
काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान ...
• पहनावा :- धोती-कुर्ता, मेखला-चादर
FOLK DANCE
(GOODBYE)
(THANK YOU)
(GOOD MORNING)
Happy BIHU
Assam
Jaapi
राजस्थानी रूपान्तरण असमिया
(1) खम्मा घणी सा → नोमोस्कार
(2) थारो नाम की है? → तुमी नाम की?
(3) खुब आभार → धन्यवाद
(4) कईया हो? → आपुनी केने ऐसे?
(5) थे सिध हो? → तुमी कोर पोरा अहिसे?
(6) थाने इंग्लिश आवे है → तुमी इनराजी कोयने
(7) मन्ने समझ को पड़्यो → मोई बुजी नापाउ

